संख्या- 81/2015/2300/30-3-15-4बी/2015

प्रेषक,

नर्वेद सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ दिनॉक 28 सितम्बर, 2015

विषय- सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय- प्रतापगढ़ के निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था का नामांकन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-41/2015/533/30-3-15-4बी/2015, दिनॉक 11-05-2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय- प्रतापगढ़ के भवन निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0 को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय- प्रतापगढ़ के भवन निर्माण हेतु नामित कार्यदायी संस्था- उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0 के स्थान पर उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0 को एतदद्वारा कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है। कृपया, इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने तथा निर्माण कार्य में समयबद्धता एवं गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(नर्वेद सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या-81/2015/2300(1)/30-3-2015, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- सक्षम प्राधिकारी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि0/कार्यदायी संस्था (द्वारा परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश)।

2- सक्षम प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0 को परिवहन आयुक्त के माध्यम से इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय- प्रतापगढ़ के भवन निर्माण हेतु अवमुक्त की गयी धनराशि परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश को वापस करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(नर्वेद सिंह)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।